# कलेक्टर एवं एसपी ने स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

» विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर उनके बौद्धिक क्षमता का किया आंकलन » विद्यार्थियों के हाजिर जवाबी से खुशकर होकर कलेक्टर एवं एसपी ने दी शाबासी





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आज पुसौर एवं बरमकेला विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल और शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय पुसौर में कक्षा 12 वीं के विज्ञान विषय के विद्यार्थियों से रसायन शास्त्र के विषय के संबंध में प्रश्न पूछकर बच्चों के बौद्धिक क्षमता का आंकलन किया। कलेक्टर एवं एसपी ने विद्यार्थी कु.महिमा, कु.आरती स्वर्णकार, रमाकांत चौहान, विजय चौहान से प्रश्न मुलकता क्या है?, उत्प्रेरक क्या है? परमाणु संबंधी प्रश्न पूछा। जिस पर बच्चों ने उत्साह और हाजिर जवाबी के साथ उत्तर दिया, जिसे सुनकर कलेक्टर एवं एसपी ने बच्चों को शाबासी दी और आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षकों के प्रति प्रसन्नता जाहिर की।

कलेक्टर ने शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर का निरीक्षण किया और ओपीडी पंजी, दवाई स्टोर रूम, पैथालॉजी रूम, मरीजों के वार्ड का निरीक्षण करके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने डॉ.दिनेश नायक से दवाई भण्डार रूम में मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मरीजों की मांग के आधार पर दवाई की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में अपने स्टॉक में रखे, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही करने पर कलेक्टर ने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कलेक्टर एवं एसपी ने शासकीय कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय सरिया का भी निरीक्षण किया और बच्चों से भौतिक विषय के संबंध में प्रश्न पूछा। बच्चों ने भी सभी प्रश्नों का सही उत्तर दिया, जिसे सुनकर अधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने आगे नर्सिंग, शिक्षक और डॉक्टर बनने की ईच्छा जाहिर की, अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अन्य क्षेत्रों में भी अपना कैरियर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने शासकीय कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय बरमकेला का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर सारंगढ़ एसडीएम चंद्रकांत वर्मा, अपर कलेक्टर आर.ए. कुरूवंशी, रायगढ़ एसडीएम आशीष देवांगन, फूड अधिकारी जी. पी .राठिया, सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक शिल्पा अग्रवाल और नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्कूल जाते युवती से छेड़खानी, जुर्म दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ दिनांक 26.11.19 को 17 वर्षीय बालिका को स्कूल से आते समय दिनेश उरांव नाम का युवक छेड़खानी कर परेशानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। बालिका के पिता ने बताया कि दिनेश उरांव आते जाते समय बालिका का पीछा करता है कि दिनांक 25.11.2019 को स्कूल से आते समय बैंसपाली और जुनवानी के बीच नहर किनारे दिनेश उरांव बालिका का हाथ बांह को पकड कर खींचातानी कर रहा था जिसे गांव के लोग देखे तो दिनेश उरांव लडकी को छोडकर भाग गया, रिपोर्ट पर अप.क्र. 333/19 धारा 354, 354(ख), 354(घ) भादवि 8 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल पुलिया से टकराई, दो युवकों की मौत




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के सारंगढ़ थाना क्षेत्र के कनकबीरा चौकी अंतर्गत ग्राम बटाऊ पाली सालर के मध्य खैरझिटी आश्रम से पहले पुल में एक अनियंत्रित बाईक टकरा गई। जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई मिली। जानकारी के अनुसार दोनों युवक ग्राम कांदुरपाली के निवासी बताये जा रहे हैं। वहीं देर रात करीब 11 बजे घटना के जानकारी होने पर ग्रामीणों ने 112 को सूचना देने के बाद हुए कनकबीरा चौकी पुलिस को भी सूचित किया। स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों युवक झारा जनजाति समूह के राजेश एवं छोटू नामक युवक बताये जा रहें हैं.घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच ,शव कब्जे में ले कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 30 नवम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में (नगर पालिका सारंगढ़ को छोड़कर) निर्वाचन संपन्न किया जाना है। जिसके लिए सभी निकायों में मतदान दल गठन किया जाकर कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। मतदान दल कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु चयनित निकाय अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 30 नवम्बर 2019 को प्रातः10.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष रायगढ़ में आयोजित की जाएगी।

### नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के रिटर्निंग आफिसर में आंशिक संशोधन

» संयुक्त कलेक्टर सुमीत अग्रवाल बने रिटर्निंग आफिसर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के लिए एसडीएम रायगढ़ आशीष कुमार देवांगन को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया था। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी सुमीत अग्रवाल को रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



### संविधान दिवस के अवसर पर पुसौर में जागरूकता दौड़ आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद कार्यालय पुसौर से मंगल भवन तक जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ पुसौर नितेश उपाध्याय एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## पिकअप में लोड कर अवैध परिवहन किया जा रहा कबाड़ जप्त



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी कापू निरीक्षक चमन सिन्हा के नेतृत्व में दिनांक 26.11.19 को स्टाफ द्वारा पिकअप वाहन सीजी 13 डी 0695 में लोड 15 क्विंटल कबाड़ को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाते हुये पकड़ा गया है। आरोपी वाहन चालक आंनद कुमार राठिया पिता बुद्धनाथ राठिया 30 वर्ष साकिन कोदवारी पारा धरमजयगढ़ आरोपी के विरूद्ध थाना कापू में इस्तगासा क्रमांक 02/19 धारा 41(1+4)/379 आईपीसी की कार्यवाही की गई है।

## बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार, रिमांड बाद जेल दाखिल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बालिका को पिकनिक ले जाने के बहाने स्कूल वेन में बिठाकर पिकनिक स्पॉट एवं ग्राम बीरसिंघा में अपने साथियों के साथ बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले स्कूल वेन के चालक/मुख्य आरोपी संतोष गुप्ता पिता शिवचरण गुप्ता उम्र 54 वर्ष सा. रूडुकेला चौक लैलूंगा थाना लैलूंगा को लैलूंगा पुलिस द्वारा दिनांक 25/11/2019 को न्यायालय गेट के पास घरघोड़ा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त स्कूल वेन की जप्ती की गई है। आरोपी को आज रिमांड पर पेश किया गया जहां से उसे जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। घटना में शामिल उसके दो साथी पुस्तम यादव एवं संजय पैकरा को लैलूंगा पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया गया है जो रिमांड पर हैं। पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रकरण का चिन्हित अपराध में किये हैं, जिसमें चालानी कार्यवाही के पश्चात आरोपियों को न्यायालय से दंड दिलाये जाने तक की मॉनिटरिंग पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा गठित टीम द्वारा की जावेगी।



### कलेक्टर ने डेंगू जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज स्वास्थ्य विभाग के स्व.लखीराम अग्रवाल मेडिकल कालेज संबद्ध जिला चिकित्सालय परिसर से डेंगू के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में बीएससी, एमएससी, नर्सिंग, जेएनएम, एनएम के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के माध्यम से शहर में डेंगू के प्रति सजग एवं सतर्क रहने के लिए कहा। साथ ही डेंगू की रोकथाम एवं उपाय के बारे में जानकारी दी और अपने घरों के आसपास टेमीफॉस दवा का छिड़काव करने के लिए कहा, ताकि डेंगू से सुरक्षित बचाव किया जा सके। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और नर्सिंग की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## सारंगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं सट्टा-पट्टी पर अभियान के तहत कार्यवाही

» दो दिनों में 4 व्यक्तियों से 20 लिटर महुआ शराब जप्त

» खुले में शराब पीते पकड़े गये 04 व्यक्तियों पर हुई आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

» तीन सट्टा-पट्टी लिखने वालों से नगद रू. 5680 एवं सट्टा-पर्ची जप्त



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सारंगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वालों तथा सट्टा-पट्टी लिखने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 24.11.19 को सारंगढ़ पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के 08 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें 04 प्रकरणों में अवैध बिक्री के लिए आरोपियों के पास रखा हुआ 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। वहीं सार्वजनिक स्थानों में खुले आम शराब पीते पकड़े गये 04 व्यक्तियों पर सारंगढ़ पुलिस द्वारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

इसी क्रम में दिनांक 25.11.2019 को सारंगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर टीम बनाकर सट्टा पट्टी लिखने वाले 03 व्यक्तियों के ठिकानों पर रेड कार्यवाही किया गया जिसमें ?5680 नगद एवं लाखों की सट्टा-पर्ची की जब्ती की गई है। आरोपियों के विरुद्ध 4 (क) सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### सट्टा लिखने वाले इन पर हुई कार्यवाही

1. राजू केशरवानी पिता पुरूषोत्तम केशरवानी उम्र 31 वर्ष साकिन बनियापारा सारंगढ, 2. अजित ऊर्फ भूरू सिदार पिता नन्दू सिदार उम्र 31 वर्ष साकिन नवरंगपुर थाना सारंगढ़, 3. पुनीराम निषाद पिता कार्तिकराम निषाद उम्र 29 वर्ष साकिन फुलझरियापारा सारंगढ़।

## युवती से 5 लाख रूपये की मांग कर चरित्र हनन करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 23 वर्षीय युवती द्वारा दिनांक 24.11.2019 को थाना कोतवाली में मधुबन पारा रायगढ के विनय जायसवाल पिता रामबच्चन जायसवाल उम्र 30 वर्ष सा. भानूप्रताप कालोनी मधुबनपारा रायगढ़ के विरूद्ध पांच लाख रूपये की मांग कर रूपये प्राप्त नहीं होने पर किसी लड़की की अर्ध नग्न तस्वीरें फेसबुक में पोस्ट कर युवती का चरित्र हनन किया गया था। आरोपी विनय जायसवाल को आज कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना के संबंध में पीडित युवती के आवेदन पत्र पर आरोपी विनय जायसवाल के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 1007/19 धारा 509(ख) भादवि दर्ज किया गया है।

## संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में किया गया संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर आज जिला न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के अगुवाई में एवं अन्य न्यायाधीशगण, कार्यालय स्टॉफ, पैनल लॉयर एवं पैरालीगल वालिंटियर्स की उपस्थिति में जिला न्यायालय परिसर रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ एवं खरसिया में पूर्वान्ह 11 बजे संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। जिसमें जिला एवं तहसीलों को मिलाकर 260 प्रतिभागीगण सम्मिलित हुए।

संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं तहसीलों में पदस्थ न्यायाधीशगण द्वारा स्कूलों, महाविद्यालयों एवं न्यायालय परिसर में शिविर आयोजित करते हुए विधि दिवस मनाया गया। स्वामी बालकृष्ण पुरी विधि महाविद्यालय में प्रातः 9.30 बजे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के द्वारा कालेज के छात्र-छात्राओं को भारत के संविधान में निर्दिष्ट मौलिक कर्तव्य एवं संविधान के महत्व की जानकारी देते हुए उसकी विशेषताओं के बारे में बताया गया। साथ ही नालसा द्वारा संचालित 10 योजनाओं जागरूक "Wide Awake" भियान के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। न्यायाधीश सी.के.कश्यप, दिग्विजय सिंह एवं अंशुल वर्मा उपस्थित रहे। कालेज के प्राध्यापक एवं अधिवक्ता बी.एल.गुप्ता के द्वारा न्यायाधीगण का स्वागत किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य डी.के.मिश्रा द्वारा किया गया। कालेज के प्राध्यापक सहित पेनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालिंटियर्स एवं संविधान की उद्देशिका पर, कालेज के छात्र आशीष मिश्रा, कु. सोमा अग्रवाल एवं पिन्टू लहरे द्वारा भाषण दिया गया।

पालूराम धनानिया कला एवं वाणिज्यिक महाविद्यालय में भी प्रातः 9.30 बजे विधिक साक्षरता शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं को परिवार न्यायालय के न्यायाधीश ओमप्रकाश सिंह चौहान के द्वारा भारत के संविधान विषय पर विस्तार से जानकारियॉ दी गईं। न्यायाधीशगण विवेक तिवारी, श्रीमती पल्लवी तिवारी एवं डी.पी. चन्द्रा उपस्थित रहे। प्राध्यापकगण सहित वाइस प्रिंसिपल पटेल एवं पेनल अधिवक्ता रोहित कुमार पटेल एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केन्द्र, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आज नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 की तैयारी के लिए पुसौर, सरिया, बरमकेला के मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का आकस्मिक निरीक्षण करके तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय पुसौर के मतदान केन्द्र 15 महात्मा गांधी वार्ड और पुसौर के मंगल भवन में बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण करके केन्द्रों में पानी, बिजली, शौचालय सहित सुरक्षा के साथ अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत सरिया के सांस्कृतिक भवन में बनाये जाने वाले मतगणना स्थल, नगर पंचायत सरिया कार्यालय और शासकीय उच्च.माध्य.विद्यालय सरिया के मतदान केन्द्र क्रमांक 3, 4, 5, 6 एवं 13, 14, 15 का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

## डेंगू के बचाव एवं रोकथाम के लिए आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में पंजरी प्लांट स्थित आयुर्वेद कार्यालय रायगढ़ के सभागार में डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.जी.एस.पटेल ने आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से डेंगू के बचाव एवं रोकथाम के बारे में प्रशिक्षण दिया।

डॉ. पटेल ने बताया कि डेंगू के उपचार के लिए पपीते के पत्ते एवं गिलोय का शहद से सेवन करना चाहिए। हल्का सुपाच्य एवं गर्म भोजन लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि गिलोय 50 ग्राम, सोठ 20 ग्राम, एक लीटर पानी में उबालकर 400 ग्राम बनाये, इसे बार-बार पीने से संक्रमण कम होता है। 10-15 तुलसी के पत्ते, 10-15 ग्राम धनिया पाउडर, एक लीटर पानी में 10 मिनट तक उबालकर ठंडा होने दें। तीन-चार घंटे में पीते रहे।